हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 जी राम-जी योजना से भ्रष्टाचार पर अंकुश...



12 वाहन चलाते समय अचानक लेन बदलने से हादसे का...



## खबर संक्षेप

### नौकरी के नाम पर 30.65 लाख हड़पने आरोपित काबू

**फतेहाबाद।** नौकरी दिलाने के नाम पर 30.65 लाख हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान मिनाक्षी पत्नी अनिल निवासी पीरागढ़ी रिलिफ कैम्प, दिल्ली के रूप में हुई है। भुना थाना के प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता विकास पुत्र सतपाल निवासी धोलु ने बताया कि आरोपी और उसके सहयोगियों ने उसे और उसके रिश्तेदारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 30 लाख 65 हजार रुपये हड़प लिए।

### चेक बाउंस मामले में वांछित दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित को सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी राजकुमार को बीती 29 अगस्त को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्जकर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई।

### 6350 रुपये की सट्टाराशि सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने अनाज मंडी सिरसा क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जा से 6350 रुपए की सट्टा राशि बरामद की है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान अनाज मंडी सिरसा की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की अनाज मंडी सिरसा क्षेत्र में एक व्यक्ति सार्वजनिक जगह पर सरेआम नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### गबन मामले में महिला टिकट बुकिंग क्लर्क काबू

**डबवाली।** डबवाली रेलवे स्टेशन पर सरकारी कैश गबन और चोरी के मामले में मुख्य आरोपी टिकट बुकिंग क्लर्क ज्योति को जीआरपी की विशेष जांच टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला करीब 2 लाख 29,225 रुपये की सरकारी राशि से जुड़ा है, जिसने पूरे बीकानेर रेल मंडल को हिला दिया था।

### चिट्टा बेचने जा रहे युवक को पुलिस ने किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने पंजाब में चिट्टा बेचने जा रहे युवक को काबू किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर के अंतर्गत आने वाली महमड़ा पुलिस चौकी की टीम एएसआई ज्योति प्रसाद के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस को सूचना मिली कि मनप्रीत सिंह उर्फ मनी पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी रतनगढ़ चिट्टा बेचने का काम करता है और अपने मोटरसाइकिल पर पंजाब में चिट्टा बेचने के लिए जाता है।

### चूरापोस्त सहित बाईक सवार को पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया की टीम ने गश्त के दौरान कमाना मोड़ के समीप बाईक सवार युवक को चूरापोस्त सहित काबू किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए रतिया पुलिस की टीम एएसआई प्रेम कुमार के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर रतिया शहर से गांव कमाना की तरफ जा रही थी। टीम जब गांव कमाना की तरफ मुड़ी तो सामने से बाइक पर आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और मोटरसाइकिल को वापस मोडने की कोशिश करने लगा।

---

### मांगे पूरी न होने पर 11 को हल्ला बोल प्रदर्शन की चेतावनी

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के स्थानांतरण पर अड़े कर्मचारी

*शिक्षा विभाग फिल्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ ने जिला प्रधान पूर्ण सिंह कम्बोज की अध्यक्षता में डीईईओ को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान पूर्ण सिंह कम्बोज की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद से मिला और उन्हें निदेशक सेकैंडरी शिक्षा विभाग पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने कहा कि पहले भी विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ बल्कि समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि अगर 5 फरवरी से पहले बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर के कर्मचारियों द्वारा 11 फरवरी को शिक्षा सदन, पंचकूला पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। डीईईओ को सौंपे मांग पत्र में एसोसिएशन ने मांग की है कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा कर तत्काल स्थानांतरण किया जाए। वरिष्ठता सूची अपडेट की जाए, सीडी ब्लॉक अनुसार बीईओ व बीईईओ के दफ्तर खोले जाएं। शक्तियों का विकेंद्रीकरण कर आहरण एवं वितरण अधिकारियों को एसीपी व सीसीएल प्रदान करने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि कर्मियों को समय पर लाभ मिल सके।

**एनपीएस बन्द कर पुरानी पेंशन बहाल की जाए**



**फतेहाबाद।** अधिकारी को मांग पत्र सौंपते हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### पदोन्नति की नीति बनाने का भी उठाया मुद्दा

फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की समयबद्ध पदोन्नति की नीति बनाई जाए। सेवा नियमो से अव्यवहारिक सीधी भर्ती के लिए 20 प्रतिशत आरक्षित पदों की शर्त को हटाया जाए, वर्कलोड अनुसार नए पद स्वीकृत किए जाए। इसके अलावा उन्होंने सरकार से 7वें केंद्रीय वेतन आयोग में कम से कम 16900 और सबसे अधिक 188200 रुपये वेतन निश्चित किया गया है, इसका अनुपात 1:14 बनता है। इसे कम करके 1:7 किया जाए। एनपीएस बन्द कर पुरानी पेंशन बहाल की जाए। इसके अलावा अनेक समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इस अवसर महेश कुमार उप अधीक्षक, दलीप सिंह सहायक, विरेन्द्र कुमार लिपिक, बंसीलाल, विकास कुमार, ममता, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, लालचंद, रणधीर, बनी सिंह लिपिक आदि पदाधिकारी मौजूद थे।



**टोहाना।** एसडीओ के खिलाफ रोष जताते कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### बातचीत के लिए बुलाकर भी नहीं पहुंचे एसडीओ, कर्मचारियों ने विरोध में की नारेबाजी

**टोहाना।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ग्रामीण सब-डिवीजन के कर्मचारी उपमंडल अधिकारी के रवैये से नाराज हैं। शुक्रवार को यूनियन प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाने के बावजूद एसडीओ के बैठक में न पहुंचने से कर्मचारियों में रोष फैल गया और उन्होंने एसडीओ कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। एसडीओ के रवैये से खफा बिजली कर्मचारियों ने सोमवार से धरना-प्रदर्शन करने की भी घोषणा कर दी है। बिजली कर्मचारी यूनियन के नेता सूरजमल ने बताया कि यूनियन प्रतिनिधि निर्धारित समय पर बातचीत के लिए एसडीओ कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने दोपहर 12 बजे तक उपमंडल अधिकारी का इंतजार किया, लेकिन एसडीओ बैठक के लिए उपस्थित नहीं हुए। नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के सम्मान, अधिकार और इंसानियत की रक्षा के लिए है।

---



**फतेहाबाद।** शहर में रैन बसेरों का निरीक्षण कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए एसडीएम राजेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

## एसडीएम ने रैन बसेरों का निरीक्षण कर बांटे कंबल

- ठंड के बीच जरूरतमंदों को रैनबसरों में न हो किसी भी प्रकार की परेशानी: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शीत लहर के मद्देनजर एसडीएम राजेश कुमार ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम को साथ लेकर देर रात्रि नगरपरिषद द्वारा डीएसपी रोड पर बनाए गए रैन बसेरा, पुराना बस स्टैंड, नई सब्जी मंडी, जीटी रोड का निरीक्षण किया और मौके पर ही ठंड से प्रभावित लोगों को रेडक्रॉस की ओर से कंबल वितरित किए। उन्होंने रैन बसेरा में उपस्थित कर्मचारियों को हिदायत की कि यदि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति देर रात्रि को उनके पास आता है और उसके पास कोई भी साधन नहीं है तो उसके लिए निशुल्क ठहरने की व्यवस्था करें। इसके साथ ही ऐसे लोगों की सूचि बनाएं और समय-समय पर जो ठंड से प्रभावित लोग ठहरते हैं उनका ब्यौरा जिला प्रशासन को भी दें। इस अवसर पर उन्होंने देर रात्रि तक देहाड़ी मजदूरी करने वाले व दूर दराज से आए बुजुर्ग यात्रियों से भी बात की और उन्हें कंबल वितरित किए।

#### व्यवस्था पर जोर

एसडीएम ने शीत लहर के चलते सभी सामाजिक संगठनों व संस्थाओं से अनुरोध किया कि फतेहाबाद शहर में नगरपरिषद द्वारा डीएसपी रोड पर अस्थाई रैन बसेरा स्थापित किया गया है। जहां पर रात्रि को ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यदि उनके आस-पास कोई जरूरतमंद ठंड से पीड़ित मिलता है तो उन्हें शहर में बनाए गए रैन बसेरे में भिजवाएं। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी से उप अधीक्षक सुरेन्द्र चुघ व सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

## फर्जी ट्रैवल एजेंटों पर कसेंगे शिकंजा

- विदेश जाने के इच्छुक मान्यता प्राप्त एजेंटों से ही करें संपर्क: पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि पुलिस द्वारा इमीग्रेशन सेंटरों व ट्रैवल एजेंटों के दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अकसर देखने में आया है कि कई बार शिक्षा, नौकरी तथा घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार हो कर अपनी मेहनत की लाखों रुपए की पूंजी गंवा बैठते हैं। उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए सिरसा पुलिस द्वारा समय समय पर पुलिस के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की जा रही है।

#### मान्यता प्राप्त एंजेटों से ही संपर्क करें



उन्होंने कहा कि जिला के ट्रैवल एजेंटों तथा इमीग्रेशन सेंटर संचालकों के बारे में समय-समय पर विस्तार से जांच की जा रही है, और जांच के दौरान यदि कोई फर्जी ट्रैवल एजेंट व इमीग्रेशन सेंटर पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला के सभी थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित ट्रैवल एजेंटों की बारीकी से जांच करें ताकि विदेश भेजने के नाम पर किसी भी युवा के भविष्य से खिलवाड़ न हो सके। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा बरती गई थोड़ी सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है, इसलिए विदेश जाने से संबंधित कार्यों को लेकर हमेशा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एंजेटों से ही संपर्क करें।

---

## विद्यार्थियों को दी परीक्षा पेटर्न की जानकारी

- बीएड कॉलेज में व्याख्यान, एचटेट परीक्षा के पैटर्न, समय प्रबंधन और नियमित अभ्यास बारे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में विद्यार्थियों के लिए 'एचटेट सफलता का मार्ग' विषय पर एक मोटिवेशनल टॉक का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान प्रसिद्ध जीके विशेषज्ञ प्रदीप सर द्वारा दिया गया। प्रदीप स्वयं इसी कॉलेज के एलुमनी भी हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य एचटेट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन, आत्मविश्वास और प्रेरणा प्रदान करना रहा। इस व्याख्यान को लेकर एचटेट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रदीप ने एचटेट परीक्षा के पैटर्न, जनरल नॉलेज की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन और नियमित अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



**फतेहाबाद।** बीएड कॉलेज में मुख्य वक्ता का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

#### दिए टिप्स

अभ्यर्थियों को संबंधित विषयों के पाठ्यक्रम का अध्ययन कर लेना चाहिए। परीक्षा पैटर्न और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने प्रश्न पूछे। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपयोगी एवं प्रेरणादायक सत्र के लिए प्रदीप सर का आभार व्यक्त किया।

---

## डीटीपी ने अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

- कंगनपुर रेलवे फाटक के पास हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला नगर योजनाकार विभाग ने गांव खैरपुर के राजस्व क्षेत्र में कंगनपुर रेलवे फाटक के पास हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझड़िया ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान करीब डेढ एकड़ क्षेत्रफल में अवैध निर्माण ढहाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



**सिरसा।** कंगनपुर रोड पर अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी मशीन। *फोटो: हरिभूमि*

#### जानकारी के बाद खरीदें जमीन

कर्मवीर झाझड़िया ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें।

---

## डोडा पोस्त तस्कारों पर बड़ी कार्रवाई

- गाड़ी में लदे मिले डोडा पोस्त के 9 बैग, फतेहाबाद पुलिस ने हाइवे पर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सदर फतेहाबाद पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने नेशनल हाइवे 9 पर डोडा पोस्त से भरी एक फॉच्यूनर गाड़ी को काबू किया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर तस्कर की तलाश शुरू कर दी है। सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 9 जनवरी को दरियापुर चौकी प्रभारी एसआई हंसराज अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान एनएच-9 हिसार-सिरसा बाईपास पर एक टोयोटा फॉच्यूनर गाड़ी नंबर संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। गाड़ी के शीशे भी टूटे हुए थे। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसकी पिछली सीट पर 7 बोरियां रखी हुई थी। पुलिस ने जब इनकी जांच की तो इनमें से कुल 91 किलो 110 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ।



**फतेहाबाद।** फॉच्यूनर गाड़ी से बरामद डोडा पोस्त। *फोटो: हरिभूमि*

---


### दान-पुण्य के साथ पितृ दोष से मिलेगी मुक्ति

# मकर संक्रांति पर अद्भूत संयोग, एकादशी के साथ स्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग से बढ़ा महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

इस बार मकर संक्रांति के दिन अद्भूत संयोग बन रहे हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। उसी दिन मकर संक्रांति के साथ एकादशी भी पड़ रही है। पंडित के अनुसा यही वह क्षण होता है, जब सूर्य उत्तरायण होते हैं। सूर्य की यह उत्तरायण यात्रा सकारात्मक ऊर्जा, शुभकार्यों और नई शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है। माना जा रहा है कि इस दिन दान-पुण्य करने से पितृ दोष से मुक्ति के एक खास योग का भी निर्माण हो रहा है। दरअसर, मकर संक्रांति का संयोग आज से ही शुरू हो जाएगा। यानि मकर संक्रांति से पूर्व ही अच्छे संयोगों का निर्माण हो रहा है। शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति का दिन सूर्य देव की आराधना और आत्मशुद्धि का अवसर होता है।

#### संक्रांति का पौराणिक महत्व



पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार मकर संक्रांति का उल्लेख अनेक पौराणिक कथाओं में मिलता है। महाभारत के अनुसार भीष्म पितामह ने उत्तरायण काल की प्रतीक्षा करते हुए अपने प्राण त्यागे थे। मान्यता है कि उत्तरायण में देह त्याग करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी कारण इस काल को अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। कृषि प्रधान भारत में मकर संक्रांति का विशेष सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। यह पर्व नई फसल के स्वागत का प्रतीक है। किसान इस दिन प्रकृति और सूर्य देव का आभार व्यक्त करते हैं।

#### दान से भी पा सकते हैं पितृ दोष से मुक्ति

पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार मकर संक्रांति को तिल संक्रांति भी कहा जाता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार तिल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से मानी गई है, इसलिए इसका विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन काले तिल और गुड़ का दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। जरूरतमंदों या ब्राह्मणों को तिल के लड्डू, कच्चा तिल या तिल से बनी वस्तुओं का दान करने से नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव कम होता है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

#### मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व

पंडित राजेश शास्त्री के अनुसार मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व अत्यंत गहन है। यह पर्व उत्तरायण की शुरुआत का प्रतीक है। जब सूर्य देव दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होते हैं। उत्तरायण को आध्यात्मिक उन्नति का काल माना गया है। इस समय किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल शीघ्र प्राप्त होता है। मकर संक्रांति के दिन गंगा, यमुना, सरस्वती अथवा किसी भी पवित्र जल स्त्रोत में स्नान करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय होता है। साथ ही ब्राह्मणों, साधुओं और दीन-दुःखी, निर्धन, जरूरतमंद को दान देने से भगवान सूर्य की विशेष कृपा होती है।

---

## बेलदारों की ड्यूटी शेड्यूल पर सवाल किसानों की समस्या जस की तस

**चौपटा।** गिगोरानी माइनर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा बेलदारों की ड्यूटी शेड्यूल की जानकारी सार्वजनिक करने से बचने की रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं। विभाग ने पहले 6 बेलदारों की नियुक्ति की थी, लेकिन अब यह संख्या घटकर 5 हो गई है और इनकी ड्यूटी की स्थिति में भी लापरवाही देखने को मिल रही है। विभाग ने बेलदारों की ड्यूटी शेड्यूल की जानकारी छुपाने का निर्णय लिया है, जबकि किसानों को सिंचाई में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर दर्जनों किसानों ने उपायुक्त सिरसा से शिकायत की थी, जिसके बाद सिंचाई विभाग ने औपचारिकता निभाते हुए कुछ पानी पहुंचाया, लेकिन स्थायी समाधान अभी तक नहीं हुआ है। बेलदारों पर यह आरोप है कि वे पानी कम करवा देते हैं, ताकि उन्हें माइनर निरीक्षण की ड्यूटी से बचने का मौका मिल सके। इसके परिणामस्वरूप किसान खेतों में सिंचाई करने से वंचित हो जाते हैं और उनकी फसलें प्रभावित होती हैं। किसानों का कहना है कि अगर विभाग अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाए तो उनकी सिंचाई की समस्या का समाधान हो सकता है, लेकिन अब देखना यह है कि विभाग इस पर कब गंभीर कदम उठाता है।





# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

## लाइफ Style

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



## हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉर्ड्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

## टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं


# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप



### तू आजा माँ बड़े चीर तो लगी है आस दर्शन दी

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा मंडल द्वारा आयोजित नव वर्ष के उपलक्ष्य पर राधा नाम संकीर्तन आजाद नगर, फतेहाबाद में आयोजित किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वंश मूटरेजा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भारत टुटेजा ने गुरुवंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में, राधे श्याम मिलादे, हरि तुम ही हो सरकार, हरि प्रीत लगाकर चले गये, जय राधे जय राधे आदि भजनों की प्रस्तुति दी और सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। सभी ने राधा नाम संकीर्तन का आनंद लिया और इसके बाद भगवान कृष्ण की पूजा आरती कर भगवान कृष्ण का आशीर्वाद लिया और उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।



### फसल विचार गोष्ठी में कंबल किए वितरित

**फतेहाबाद।** इफको द्वारा गांव गिल्लाखेड़ा, जिला फतेहाबाद में 'फसल विचार गोष्ठी' एवं निःशुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, निदेशक, इफको, नई दिल्ली ने भाग लिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेश सिहाग, उप कृषि निदेशक, फतेहाबाद ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कौशिक, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां फतेहाबाद, सुरेंद्र गोदारा, स्थापना अधिकारी, केंद्रीय सहकारी बैंक फतेहाबाद मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इफको निदेशक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि इफको किसानों की आय बढ़ाने एवं सतत कृषि के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इफको किसानों की संस्था है व किसानों की सेवा में हमेशा तत्पर रहती है।

## रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 करना बड़ा कदम

# जी राम-जी योजना से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा : डॉ. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वीबी-जी राम-जी मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को जमीन पर उतारने का सशक्त माध्यम है। यह योजना ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और जरूरतमंद परिवारों को रोजगार व आजीविका की सुनिश्चित गारंटी देती है। रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 करना सरकार की गरीब व श्रमिक हितैषी सोच को दर्शाता है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और गांवों से होने वाले पलायन पर भी रोक लगेगी। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी जन जागरण अभियान को लेकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बीजेपी जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया। कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वीबी-जी राम-जी योजना के तहत केवल श्रम आधारित कार्य ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण, तालाबों के पुनरुद्धार, नालों की सफाई तथा अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे गांवों का स्थायी और संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि योजना में जियो-टैगिंग और डिजिटल निगरानी जैसी पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और वास्तविक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना

कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के 60:40 के अनुपात से चल रही यह योजना हरियाणा के लिए अत्यंत लाभकारी है और इससे राज्य सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और वीबी-जी राम-जी मिशन इसी सोच का परिणाम है। बीजेपी जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि वीबी-जी राम-जी जन जागरण अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को योजना की जानकारी दे रहे हैं। यह अभियान श्रमिकों और किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा और उन्हें रोजगार व आजीविका से जुड़ी सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने में सहायक बनेगा। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, कंवल चौधरी, टोहाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन जंगजीत हुड्डा, अनिल सिहाग, शम्मी ढींगड़ा तथा भट्टू मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय सिंगला मौजूद रहे।

# तनिष्क का नया चेहरा बनीं अनन्या पांडे

## सिरसा में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड चेहरा बनाते हुए अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत की है। इसका आयोजन तनिष्क सिरसा शोरूम में पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जा रहा है। तनिष्क का यह कदम आधुनिकता, आत्मविश्वास और आज की महिलाओं की बदलती पसंद को दर्शाता है। अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी तनिष्क के उस विज़न को और मजबूत



करती है, जिसमें हीरों को सिर्फ खास मौकों तक सीमित न रखकर रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाया गया है।

### पेश किए 10000 डिजाइन

इस अवसर पर तनिष्क सिरसा स्टोर मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' तनिष्क का साल का सबसे बड़ा और सबसे खास डायमंड फेस्टिवल है। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में 10,000 से अधिक डायमंड डिज़ाइन्स पेश किए गए हैं, जो रोज पहनने से लेकर खास अवसरों तक हर जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कलेक्शन में ईयररिंग्स, ईयर कफ्स, सुई-धागा, ड्रॉप्स, हूप्स, स्टड्स, अंगूठियां, नेकवियर, चूड़ियां और ब्रेसलेट्स जैसे कई आकर्षक विकल्प शामिल हैं।

### मतवाला की बरसी पर कार्यक्रम 17 को

**कालांवाली।** क्षेत्र के गांव तिलोकेवाला के गुरूद्वारा निर्मलसर साहिब में सचखंड वासी संत बाबा मोहन सिंह मतवाला की याद में 34वीं बरसी 17 जनवरी को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के अखंड पाठों की लड़ी संत बाबा मोहन सिंह मतवाला को समर्पित चलाई जा रही है जिनके भोग गुरुद्वारा 17 जनवरी को डाले जाएंगे। इस मौके पर पांच प्यारों द्वारा अमृत का बाटा भी तैयार किया जाएगा। तीन दिवसीय धार्मिक समारोह में श्री अकाल तख्तों के जत्थेदारों सहित संत महापुरूष व कथावाचक भाग लेंगे।

## शराब ठेके से नकद राशि गबन करने का आरोपी सेल्समैन काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पुलिस ने शराब ठेके से हजारों रुपए की नकद राशि का गबन कर फरार हुए सेल्समैन को अनाज मंडी रोहतक से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान श्याम सुंदर यादव पुत्र केसर यादव निवासी लोहरी पंचायत नदरपुर, जिला गया बिहार के रूप में हुई है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि कपिल पुत्र निहाल सिंह निवासी भाणा हिसार, हाल निवासी पन्नीवाला मोटा ने शिकायत दी कि उसका गांव पीरखेड़ा में एक शराब ठेका है। आरोपी श्याम सुंदर जो करीब 10 दिन पहले ठेके पर आया था, को सेल्समैन रखा हुआ था। बीती 4 अक्टूबर को शाम को जब वह शराब बेचने पर प्राप्त होने वाली नकद राशि लेने गया तो ठेके पर ताला लगा हुआ था। जब उसने उक्त आरोपी से संपर्क करना चाहा तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। आसपास तलाश करने पर भी आरोपी नहीं मिला तो उसने ठेके का ताला तोडक़र देखा तो ठेके से 37,780 रुपए की शराब बेची हुई पाई गई, परंतु नकद राशि वहां नहीं मिली।

## कांग्रेस विधायक ने की टोहाना को जिला बनाने की मांग, कहा 65 किलोमीटर दूर है मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

टोहाना से कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह ने प्रदेश सरकार से टोहाना को जिला बनाने की मांग उठाई है। विधायक का कहना है कि टोहाना जिला मुख्यालय फतेहाबाद से लगभग 65 किलोमीटर दूर है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में टोहाना को सरकार द्वारा जिला घोषित करना चाहिए। कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह ने बताया कि टोहाना के कुछ गांव, जैसे समैन और भीमेंवाला, जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर पड़ते हैं। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि सिरसा और हिसार जैसे कई जिले अपने मुख्यालय से 40-45 किलोमीटर की दूरी पर हैं।



परमवीर सिंह।

परमवीर सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि हांसी को हिसार से 25 किलोमीटर और फतेहाबाद को हिसार से 40 किलोमीटर की दूरी पर ही जिला बनाया गया था। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश में शायद ही कोई ऐसा जिला हो, जिसकी दूरी टोहाना के लोगों को फतेहाबाद जाने में तय करनी पड़ती है।

### द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी छाए

**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के बॉक्सरों ने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, हरिद्वार में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में बॉक्सर रोहन, अंकुश, और अर्पित ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किए, वहीं जीवराज ने कड़े मुकाबलों के बाद सिल्वर मेडल जीता। दूसरी ओर द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी रोहन ने एसजीएफआई स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप, मध्य प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब प्रबंधन ने सभी विजेता बॉक्सरों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रोजगार की गारंटी को किया जा रहा खत्म : सैलजा

## रतिया में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मिली सांसद कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करना गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के अधिकारों पर सीधा हमला है। 'विकसित भारत' के दावों के बीच जमीनी सच्चाई यह है कि लोगों के हाथों से काम छीना जा रहा है और रोजगार की गारंटी को धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है। कुमारी सैलजा शुक्रवार को जिले के रतिया हलके में ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से बात कर रही थीं। सैलजा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय, जब देश के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे, तब मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना लागू की



**फतेहाबाद।** रतिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कुमार सैलजा।

गई थी। इस योजना ने ग्रामीण गरीबों को 100 दिन के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी दी और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोविड महामारी और आपदा के कठिन समय में भी मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए सबसे बड़ा सहारा साबित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा केंद्र सरकार ने मनरेगा को व्यवस्थित तरीके से कमजोर किया है। पहले जहां गांवों में काम मांगने पर रोजगार मिलता था, अब स्थिति यह है कि राज्य सरकारों को केंद्र के पास प्रस्ताव भेजने पड़ते हैं और उसके बाद भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं रहती। भुगतान में देरी और बजट में कटौती से मजदूरों का भरोसा तोड़ा जा रहा है।

### सैलजा कल डबवाली में

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा आगामी 11 जनवरी को डबवाली में पहुंचेगी। कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह तथा पूर्व विधायक अमित सिहाग ने बताया कि सांसद 11 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से 1 बजे तक डबवाली के बठिंडा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आमजन व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी तथा जन समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करेंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है।

## शहीद बाबा दीप सिंह संस्थान में नेत्र जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आइक्यू सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल, फतेहाबाद द्वारा पूनम आई हॉस्पिटल के सहयोग से शहीद बाबा दीप सिंह संस्थान, अहरवां में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान करना रहा। कैंप में मुख्य नेत्र चिकित्सक डॉ. अंकिता ने अपने सहयोगियों अनुभव, हिमांशु, आरती, नेहा, भरत एवं अभिषेक के साथ मिलकर शहीद बाबा दीप सिंह संस्थान के अंतर्गत




**फतेहाबाद।** विद्यार्थियों के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ।

संचालित नर्सिंग, शिक्षण एवं वेटनरी कॉलेज के विद्यार्थियों की आंखों की जांच की। इस दौरान विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल, सही खानपान, स्क्रीन टाइम से होने वाले दुष्प्रभाव तथा नियमित नेत्र जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

## कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी कैडेट्स का किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय अपनी टीम के साथ आज मनोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, देशभक्ति और कड़े परिश्रम के महत्व के बारे में मोटिवेट किया। कॉलेज पहुंचने पर एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी मेजर डॉ. रजनी वर्मा और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने उनका स्वागत



**फतेहाबाद।** एनसीसी कैडेट्स को मोटिवेट करते सीओ कर्नल ज्ञानप्रकाश पांडेय।

किया। एनसीसी कैडेट्स को मोटिवेट करते हुए सीओ कर्नल ज्ञानप्रकाश पांडेय ने उन्हें जीवन में अनुशासन, देशभक्ति और कड़े परिश्रम के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल वर्दी पहनने के बारे में नहीं है, बल्कि यह समय की पाबंदी और आत्म-अनुशासन सीखने का एक मंच है। उन्होंने कैडेट्स को बताया गया कि एनसीसी के माध्यम से नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना विकसित होती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है।

### अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर मिलेंगे ट्रैक्टर

**फतेहाबाद।** जिले में अनुसूचित जाति के किसानों को वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत 45 एचपी या उससे ऊपर अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित जाति के किसान जिसके नाम या परिवार पहचान पत्र में किसी सदस्य के नाम कृषि भूमि है, जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकृत है व पिछले 5 वर्षों में ट्रेक्टर पर अनुदान ना लिया हो, वे किसान 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियंता पवन कुमार ने बताया कि किसानों को परिवार पहचान पत्र, बैंक विवरण, अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज जरूरी।

## स्वीटी महता टोहाना विस महिला अध्यक्षा मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से विचार विमर्श कर संस्थापक कमल हांडा की अनुमति व दिशा निर्देशन में स्वीटी महता को पुनः टोहाना विधानसभा महिला अध्यक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। स्वीटी महता को टोहाना की महिला विधानसभा कार्यकारिणी का जिला के वरिष्ठ सदस्यों, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक से



कमल हांडा, साहिब दयाल वधवा व स्वीटी मेहता

विचार विमर्श करके गठन करने का दायित्व सौंपा है। नवनियुक्त विधानसभा महिला अध्यक्षा ने संगठन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा ज्योति कमल हांडा, राष्ट्रीय महासचिव परमजीत कोचर, प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है और उन सबको विश्वास दिलाया है कि उन पर जो भरोसा जताया गया है, वह उस भरोसे को टूटने नहीं देंगी।

## यशिका और दीपांशु सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी बलवान सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एनएसएस जिला संयोजक रोहताश कड़वासरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। बीईओ बलवान सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली रीढ़ है। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं से




**भट्टूकलां।** शिविर के समापन पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक नशामुक्त और अनुशासित युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकता है। विशिष्ट अतिथि श्री रोहताश कड़वासरा ने स्वयंसेवकों के साथ शिविर की गतिविधियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी रहने वाले स्वयंसेवकों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। यशिका और दीपांशु को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एनएसएस अधिकारी कुलदीप ने सात दिनों की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल डायरेक्टर सुधीर बेनीवाल ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा, अनुशासन और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया दमखम

# डिस्कस थ्रो में अन्नू, 400 मीटर दौड़ में निशा प्रथम

- विजेता रहीं महिला खिलाड़ियों को की पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

महिला एवं बाल विकास परियोजना टोहाना द्वारा शुक्रवार को दमकौरा खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय महिलाओं एवं बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता रानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं



**टोहाना।** खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेती महिलाएं।

ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें 100 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ एवं डिस्कस थ्रो शामिल रहीं। सभी स्पर्धाएं निर्धारित नियमों के अनुरूप एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाई गईं। 100 मीटर दौड़ में हरनकौर ने प्रथम, बनीता ने द्वितीय तथा कुसुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर दौड़ में मोनिका प्रथम, पिंकी रानी द्वितीय एवं निशा तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में निशा रानी ने प्रथम, पूजा समैन ने द्वितीय तथा पूजा टोहाना ने ही तृतीय स्थान हासिल किया।

### नकद पुरस्कार पर खिले चेहरे

डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अन्नू रानी ने प्रथम, सुनीता ने द्वितीय एवं मनजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 किलोमीटर साइकिल रेस में निशा रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा द्वितीय तथा मनप्रीत तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में मंजू बाला ने प्रथम स्थान हासिल किया, सुमन द्वितीय तथा निर्मला कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर 750 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता रानी ने बताया इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को खेल गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान सुपरवाइजर करमजीत, रचना, सुमन ढोबी, सुमन, पूजा, आशु, पीटीआई परमजीत, कोच दीपक, पोषण कॉर्डिनेटर नैन्सी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### ओढां में निःशुल्क मेडिकल कैंप आज

**ओढां।** ओढां समाधान इलेक्ट्रोहोम्योपैथी सेंटर ओढां द्वारा 10 जनवरी को निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें मरीजों के स्वास्थ्य जांच कर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवाइयां मुफ्त दी जाएगी। इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉ. संदीप कांसल ने बताया कि ये स्वास्थ्य जांच शिविर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लगाया जा रहा है।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 14 से : विनोद

**सिरसा।** जिला के गांव अरनियांवाली स्थित गोपाल गोवंश गौशाला में आगामी 14 जनवरी से 22 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। गौशाला कमेटी सदस्य विनोद वर्मा ने बताया कि आगामी बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10.15 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि गांव के राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों का भ्रमण करते हुए गौशाला प्रांगण में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जनवरी को सुबह 11.15 बजे से कथा का शुभारंभ होगा।

### प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

**सिरसा।** जन शिक्षण संस्थान कौशल संस्थान के प्रशिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम फल, सब्जिया प्रसंस्करण एव संरक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से हुआ। संस्थान के निदेशक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. दलजीत सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. वनीता राजपूत ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। सभी प्रशिक्षकों को तिल के लड्डू तथा आंवले की पुडिंग आदि की व्यंजन विधिया बताई गई।

### लोहड़ी व मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में लगा भंडारा

**कालांवाली।** आढ़तियों द्वारा लोहड़ी व मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भंडारा लगाया गया। आढ़ती पंकज माहेश्वरी ने बताया कि सभी आढ़तियों के सहयोग से भंडारा लगाया गया। इससे जहां सेवा होती है वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इस मौकेपर पंकज माहेश्वरी, सुरेश गर्ग, हरीश सिंगला, कविश गर्ग, प्यारा लाल, अशोक जैन, त्रिलोक जिंदल, नरेंद्र बंसल, नामी माहेश्वरी, नीतिन गर्ग, तरसेम गर्ग, लक्ष्मण दास, पवन जिंदल, राजेश जिंदल सहित अन्य मौजूद रहे।

### युवक 8.95 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार, केस

**ओढां।** पुलिस ने गश्त के दौरान ओढां क्षेत्र से एक युवक को 8.95 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि स्टेट नारकोटिक्स टीम ने गश्त के दौरान नजदीक शमशान घाट गांव ओढां से आरोपी जगप्रीत सिंह पुत्र अमृतपाल सिंह निवासी घुकांवाली को 8.95 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया था। आरोपी जगप्रीत से पूछताछ के दौरान बताया कि उसे यह हैरोइन आरोपी धर्मबीर उर्फ धर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी घुकांवाली जिला सिरसा ने ही उपलब्ध करवाई थी।

---

**नशा कारोबारी एवं असामाजिक तत्व जागरूकता यात्रा को बाधित करने या अव्यवस्थित करने का प्रयास कर सकते है : भवानी सिंह**

# गुरुनानकपुरा में नशे के खिलाफ यात्रा आज, ट्रस्ट ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 10 जनवरी को शहर के गुरूनानकपुरा मोहल्ला में यात्रा निकाली जाएगी। गुरूनानकपुरा मोहल्ले को नशा तस्करों का गढ़ माना जाता है और यहां नशे के कारोबार से जुड़ी महिलाओं द्वारा ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह व उनके परिवार को धमकियां भी दी जा चुकी हैं। ऐसे में यात्रा के सुचारू और सुरक्षित आयोजन को लेकर ट्रस्ट द्वारा पुलिस महानिदेशक, हरियाणा को पत्र लिखकर सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश देने की अपील की गई है।

डीजीपी को लिखे पत्र में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने कहा है कि उनकी संस्था द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पिछले करीब एक साल से फतेहाबाद में नशे के विरूद्ध निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान ट्रस्ट द्वारा सैंकड़ों युवाओं को नशे की चपेट से बाहर निकालकर उनका उपचार करवाया गया है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है और वे पुनः समाज की मुख्य धारा से जुड़ चुके हैं। भवानी सिंह ने कहा कि नशे के विरूद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' नामक जागरूकता यात्रा भी संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य आमजन विशेष युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा 10 जनवरी को गुरूनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद में यह जागरूकता यात्रा निकाली जानी है। गुरूनानकपुरा मोहल्ला को नशा कारोबार का एक संवेदनशील एवं प्रभावी क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में आशंका है कि वहां सक्रिय कुछ नशा कारोबारी एवं असामाजिक तत्व इस जागरूकता यात्रा को बाधित करने या अव्यवस्थित करने का प्रयास कर सकते हैं।



फतेहाबाद के गुरुनानकपुरा में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम

**पुलिस ने संदिग्ध लोगों से की पूछताछ**

*पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरूनानकपुरा में सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोहल्ला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, सार्वजनिक स्थानों और गलियों में गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था पर फीडबैक लिया और असामाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया।*

**ड्रग फ्री बनाएंगे**

भवानी सिंह ने डीजीपी हरियाणा से निवेदन है कि यात्रा की गंभीरता एवं सामाजिक महत्व को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को इस बारे आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि जागरूकता यात्रा को उचित सुरक्षाएवं प्रशासनिक सहयोग प्राप्त हो सके और यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि वह निडर होकर नशे के विरूद्ध यह अभियान जारी रखेंगे।

---

## वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें

**सर्तक रहें**

**ट्रैफिक थाना इंचार्ज ने वाहन चालकों को किया जागरूक**

# वाहन चलाते समय अचानक लेन बदलने से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- ट्रैफिक प्रभारी सुखदेव सिंह ने टीम के साथ फील्ड में उतरे

राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने शुक्रवार को बस स्टैंड पंहुचकर बस एवं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे विस्तारपूर्व जानकारी दी। ट्रैफिक थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को बताया कि सर्दी के मौसम में वाहन तेज गति से न चलाए, क्योंकि ऐसा करने से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है, और परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बस, कार, ई-रिक्शा, ऑटो व टैक्सी चालकों तथा आमजन से अपील करते हुए कहा कि दुपहिया या चौपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल या दुपहिया वाहनों से होती हैं इसलिए बिना हेलमेट के वाहन को नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात नियमों की पालन करनी चाहिए, तांकि हम सडक़ दुर्घटना मुक्त भारत बना सकें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना दिल से करनी चाहिए न कि पुलिस के भय से, क्योंकि यातायात नियमों की पालना कर हम किसी के बहुमूल्य जीवन को बचा सकते है। इसलिए बिना किसी डर/भय के हमें यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु का प्रयोग न करें, क्योंकि ऐसा करने से आपका व दूसरों का जीवन जोखिम में पड़ सकता है। यातायात थाना प्रभारी ने तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों को हिदायत दी कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना सुनिश्चित करें। यातायात थाना सुखदेव सिंह ने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय अचानक लाइन बदलने से सडक़ दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सभी वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें तथा अचानक लाइन चेंज कर वाहन नही चलाया चाहिए। इससे हादसा हो सकता है।



**सिरसा।** यातायात थाना प्रभारी बस स्टैंड पर बस एवं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि



**सिरसा।** गांव माधोसिंघाना में मोबाइल कानूनी जागरूकता शिविर में लोगों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आपात स्थिति में पुलिस करेगी मदद**

सुखदेव सिंह ने वाहन चालकों से कहा कि यदि गाड़ी चलाते समय हाइवे पर आपके साथ कोई हादसा हो जाता है, गाड़ी खराब हो जाती है या फिर गाड़ी में पेट्रोल या डीजल खत्म हो जाता है तो घबराने की जरुरत नही है टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1033 पर कॉल कर तुंरत मदद ले सकते है। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से कहा कि 1033 हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने पर आपातकालीन एंबुलेंस व क्रेन की सर्विस भी 24 घंटे उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि जागरुकता के अभाव में कई बार देरी होने पर हम किसी व्यक्ति विशेष की कीमती जान को नही बचा पाते जिसका हमें जिंदगी भर अफसोस रहता रहता है।

**शिविर लगाकर दी जानकारी**

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव माधोसिंघाना में मोबाइल कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि शिविर में पैनल अधिवक्ता मोहन लाल अरोड़ा एवं पीएलवी सुभाष चंद्र चुग ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को नशा विरोधी जागरूकता अभियान, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, पीड़ित मुआवजा योजनाएं तथा मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित लोगों को नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया।

---

**रानियां रोड पर वारदात मामला**

## दुकान से नकदी और सामान चोरी करने के आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर थाना पुलिस ने रानियां रोड स्थित दुकान से नकदी व कुछ सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफतार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि दुकान मालिक दिनेश निवासी सीकर राजस्थान, हाल प्रेम नगर सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 5 जनवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात युवक दुकान का शटर तोडक़र दुकान के अंदर घुस गए में और दुकान से 5 कट्टे चावल 2 कट्टे दाल व तीन हजार रुपए की नकदी चोरी कर मौका से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि दुकान मालिक की शिकायत पर थाना शहर सिरसा में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान शहर थाना की जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपी सन्नी कुमार पुत्र जीत लाल निवासी वैशाली बिहार जिला तुर्की हाल कंगनपुर रोड भारत नगर सिरसा व अक्षय पुत्र नंद कुमार निवासी वार्ड नंबर 27 जेजे कॉलोनी सिरसा को रानियां रोड सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर सामान बरामद किया गया।



**सिरसा।** दुकान में चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## सोने की चेन झपटने के मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सोने की चैन झपटने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 14 मई 2024 को संतोष सिंगला पत्नी अनिल सिंगला निवासी मॉडल टाउन फतेहाबाद द्वारा पुलिस चौकी बस अड्डा फतेहाबाद में शिकायत दी गई थी कि जब वह अपनी सास के साथ सुबह योग करने के लिए एमएम कॉलेज के पास स्थित योग आश्रम जा रही थी, तो मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चैन छीन ली और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही काबू कर चुकी है। अब इसी मामले में जांच के दौरान पुलिस टीम ने दूसरे रविन्द्र उर्फ राकेश पुत्र रतिभान निवासी मस्तगढ़, जिला शामली, यूपी को गिरफ्तार किया है।

---

**वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना**

## उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को मिलेगा सम्मान

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक अपनी उपलब्धियों के प्रमाण-पत्र, संपूर्ण विवरण और सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**ये पुरस्कार दिए जाएंगे**

उन्होंने बताया कि शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता पुरस्कार, शौर्य एवं बहादुरी पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर पुरस्कार, वरिष्ठ मूर्तिकार पुरस्कार, वरिष्ठ अभ्यासरत संगीतकार गायन का पुरस्कार, वरिष्ठ नृत्य अभ्यासरत पुरस्कार शामिल हैं, जिनमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार द्वितीय के लिए 30 हजार और तृतीय स्थान के लिए 20 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार वरिष्ठ अभ्यासरत खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी आज

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के हिंदी विभाग द्वारा आगामी 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक मलिक ने बताया कि इस संगोष्ठी में श्रीलंका के नुगेगोडा से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद प्रो. निलान्थी राजापक्ष एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रो. बीर पाल सिंह यादव मुख्य वक्ता होंगे। संगोष्ठी में हिंदी भाषा की वैश्विक भूमिका, समकालीन चुनौतियां तथा भविष्य की संभावनाओं पर गहन विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदी आज केवल एक राष्ट्रभाषा ही नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद की एक सशक्त भाषा के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

---

**पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वालीबॉल प्रतियोगिता**

## हार-जीत को स्वीकार करने की भावना ही जीवन में सफलता की नींव रखती है : एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवालामोटा में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डबवाली की पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर पहुंची और उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाडियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। खेलों से जुड़ा युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से स्वतः दूर रहता है और जीवन में सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करता है। इससे ही आप आगे बढ़ सकते है।



**सिरसा।** प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक खिलाडियों के साथ।

**नशे से दूर रहने का आह्वान किया**

उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल मैदान से सीखी गई मेहनत, अनुशासन और हार-जीत को स्वीकार करने की भावना ही जीवन में सफलता की नींव रखती है। यदि युवा खेलों को अपनाते हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों, स्थानीय ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सही दिशा देने वाला कदम बताया। पुलिस ने पुनः आमजन से अपील की कि वे युवाओं को खेलों से जोडने में सहयोग करें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का साथ दें।

---

**मरीजों को शारीरिक गतिविधियों की जानकारी दी**

## सुबह पार्क में सैर करें, साइकिल चलाएं और फोन पर बात करते समय भी टहलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा में शुक्रवार को गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्स अमनदीप कौर ने उपस्थित मरीजों को गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए विभिन्न आयु के लोगों को व्यायाम व योगा करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वयस्क (18-64 वर्ष) प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाली एरोबिक शारीरिक गतिविधि या प्रति सप्ताह कम से कम 75 मिनट की जोरदार-तीव्रता वाली एरोबिक शारीरिक गतिविधियां प्रतिदिन करें। इन गतिविधियों में खेलकूद, पैदल चलना, साइकिल चलाना आदि भी शामिल है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को अपनी दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियों के लिए सरल उपाय जैसे लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें। छोटी दूरी के लिए पैदल चलें या साइकिल चलाएं। टीवी देखते समय या फोन पर बात करते समय खड़े होकर टहलें और पारिवारिक सैर या खेलकूद में भाग लें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आप अपने नजदीकी हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जाकर गैर संचारी रोगों की निःशुल्क जांच और शारीरिक गतिविधियों से जुड़े परामर्श भी ले सकते हैं।



**सिरसा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा में स्टाफ नर्स अमनदीप मरीजों को जानकारी देते।

---


**आरोप** सरकार की शह पर बीमा कम्पनियों ने किसानों का सारा क्लेम डकारा : विष्णुदत्त

**किसान सभा के नेताओं ने गांवों व ढाणियों में जनसंपर्क अभियान चलाया**

# मुआवजे व बीमा क्लेम को लेकर किसान 12 व 13 को भट्टू तहसील पर देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

जलभराव से फसलों और ढाणियों को हुए नुकसान का मुआवजा देने, बीमा कम्पनियों से क्लेम दिलवाने सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर किसान सभा द्वारा 12 व 13 जनवरी को भट्टूकलां में तहसील कार्यालय पर धरना देकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद व भट्टू क्षेत्र के गांवों से सैंकड़ों किसान भाग लेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर किसान सभा द्वारा जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में जनसम्पर्क अभियान चलाकर किसानों को इस प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव बड़ोपल में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष तौर पर जिला प्रधान विष्णुदत्त व अन्य मौजूद रहे।



**भट्टूकलां।** बड़ोपल में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान।

**मुआवजे के लिए भटक रहे किसान**

इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों को मुआवजा देने के बड़े-बड़े दावे की सुर्खियां बटोरने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर किसान बीमा क्लेम व मुआवजे के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है। सरकार की शह पर बीमा कम्पनियां किसानों का सारा क्लेम डकार गई है। खराब फसलों का बीमा क्लेम नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मांग की कि जलभराव का मुआवजा व बीमा क्लेम तुरन्त जारी किया जाए। बड़ोपल से लेकर भट्टू तक के करीब दो दर्जन गांवों का वर्ष 2023, 24 और 25 की बकाया मुआवजा राशि तुरन्त जारी की जाए। बीज बिल और बिजली बिल 2025 वापस हो। मनरेगा कानून को बहाल किया जाएं। किसानों व खेत मजदूरों का कर्ज माफ हो। बैठक में नई 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रधान शंकर लाल, सचिव महेंद्र सिंह, उप प्रधान इन्द्र सिंह व शेर सिंह, सह सचिव ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष आत्मा राम, व सदस्य प्रिन्स, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, चानन सिंह, ओमप्रकाश, प्रमोद कुमार, इन्द्र मोहन व सुन्दर को चुना गया।